## खबर संक्षेप

### छात्राओं ने रंगोली, चित्रकला और ड्राइंग प्रतियोगिता के माध्यम से दिया नशे के खिलाफ संदेश

**मण्डला।** नशा से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति भारत अभियान 2.0 के तहत शनिवार को जनपद पंचायत मोहगांव की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में एक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामाजिक न्याय विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा रंगोली, चित्रकला एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं ने नशे के दुष्प्रभाव और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या, शिक्षकगण, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सतीश बैगा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। उल्लेखनीय है कि नशा मुक्ति भारत अभियान 2.0 के तहत जिले में निरंतर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### विशेष लोक अदालत में 22 प्रकरणों का हुआ समझौते से निराकरण

**मण्डला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देश तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंडला श्री कमल जोशी के निर्देशन में शनिवार को जिला न्यायालय मंडला एवं तहसील न्यायालय नैनपुर, निवास तथा बिछिया में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 के प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया। विशेष लोक अदालत में कुल 22 प्रकरणों का आपसी सहमति से समझौते के माध्यम से निराकरण किया गया।

## हीरापुर आयुष्मान आरोग्यं का खुला ताला, स्वास्थ्य सेवाएं हुई बहाल

# जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही क्यों नहीं







*** एक्सपायरी दवाईयों के मामले पर क्या हुआ कुछ पता नहीं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास

**देश की आजादी के सत्तर दशक बीत जाने के बावजूद आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में हद दर्जे की लापरवाही की जा रही है।**

लगभग हर ग्राम पंचायतों में आयुष्मान आरोग्यम केंद्र खोले गये हैं, लेकिन इन उप स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ स्वास्थ्य कार्यकर्ता सप्ताह में बामुश्किल दो से तीन दिन कुछ घंटो ही उपस्थित रहते हैं जिससे ग्रामीणों को सरकार की मंशानुरूप स्वास्थ्य सम्बन्धी योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा, वहीं खंड चिकित्सा अधिकारी का हर बार रटा रटाया जवाब की में देख लेता हूं, लेकिन परिणाम हर बार सिफ़र।

### खबर का असर

उक्त की खबर हरिभूमि में प्रकाशन के बाद जिला चिकित्सा अधिकारी ने त्वरित संज्ञान में लेकर कार्यवाही की है, जिसमें क्षेत्र के एमपीडब्लू का पांच दिन का वेतन काटे जाने का आदेश जारी के साथ अन्य जरूरी कार्यवाही प्रस्तावित की है, लेकिन एक आयुष्मान की कार्यवाही से बाकी एमपीडब्लू या अन्य कार्यकर्त्ताओं में सुधार हो संभव नहीं लगता।

### भ्रत्य के भरोसे आयुष्मान भवः

ज्ञात हो कि एक ग्राम पंचायत एक या अधिकतम तीन गांवों या मजरे टोलो से मिलकर बनीं हुईं हैं, और इन गांवों की आपस में दूरी अधिकतम आधे किलोमीटर से ज्यादा नहीं है बावजूद ग्रामीणों का कहना है कि हमारे गाँव में स्वास्थ्य कार्यकर्ता कभी कभार ही आतीं हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यह कि क्या सेक्टर मीटिंग और फिर खंड स्तरीय मीटिंग के बहाने में ही सप्ताह का समय खराब करना है, तब सरकार द्वारा सुविधा युक्त आयुष्मान आरोग्यम केंद्र भवन खोले जाने का क्या फायदा जब आउट शोर्स भृत्य को ही समय पर अस्पताल खोलने और दवा वितरण करने का जिम्मा सौंप दिया गया हो।

वहीं जिले की भौगोलिक स्थिति पहले से ही चुनौतीपूर्ण है जहाँ जंगलों एवं पहाड़ियों से घिरे कुछ गाँव में मोबाइल नेटवर्क भी न के बराबर है। ग्रामीणों को आपात स्थिति में मोबाइल से बात करने के लिए गाँव से बाहर किसी ऊँचाई वाले स्थान तक जाना पड़ता है, अगर उचित संपर्क हुआ तो ठीक अन्यथा मरीज की जान आफत में पड़ जाती है।

### पूर्व विधायक द्वारा प्रदान वाहन बीएमओ कर रहे दुरूपयोग

निवास पूर्व विधायक डॉ. अशोक मर्सकोले द्वारा निवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को मरीजों को लाने ले जाने एम्बुलेंस वाहन प्रदान किया गया था, जो शासकीय वाहनों की अनुपलब्धता में मरीजों के परिजन स्वयं के खर्चे से कहीं भी ले जा सकते थे, लेकिन उक्त वाहन के उपयोग से संबंधित जानकारी मरीजों या जन सामान्य को न होने के कारण उक्त वाहन सालों से खड़ा रहा, जिसका वर्तमान में निवास बीएमओ अपने निजी स्वार्थ में उपयोग कर रहे हैं। इस संबंध में जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा की सालों से वाहन उपयोग नहीं होने से इसके टायर खराब हो गये थे जिसे अपने खर्चे से डलवाया हुँ। अतः उक्त वाहन को डॉ. विजय पैगवार निजी कार्यों में उपयोग कर रहे हैं। विभाग ने लापरवाही पर कार्यवाही तो की पर फिर भी कई सवाल इस कार्यवाही ने खड़े कर दिए हैं सिर्फ MPW का 5 दिन वेतन काटने से लाखों की एक्सपायर दवाओं की भरपाई कैसे होगी..? महीनों से केंद्र बंद था, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं..? विभाग कह रहा है अब सब ठीक है, पर क्या 15 दिन बाद फिर गेट पर ताला लटक जाएगा..? या फिर वास्तविक में ग्रामीणों तक पहुंच पाएंगी बेहतर सेवाएं।

## अवैध गांजा की खेती का भंडाफोड़



*** 107 पौधे जब्त, आरोपी गिरफ्तार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

**मध्यप्रदेश शासन के नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत थाना बिछिया पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम चंदिया में अवैध गांजा की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 107 गांजा के पौधे बरामद किए हैं, जिनका कुल वजन 36.980 किलोग्राम एवं अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 2 लाख रुपये है।**

पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा तथा एसडीओपी बिछिया सौरव तिवारी के मार्गदर्शन में थाना बिछिया पुलिस को 18 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम चंदिया निवासी भंगी सिंह राजपूत (68 वर्ष) अपने घर के पीछे स्थित बाड़ी में अवैध रूप से गांजा की खेती कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर कार्रवाई की और मौके से गांजा के 107 पौधे बरामद किए।



पूछताछ के दौरान आरोपी गांजा की खेती से संबंधित कोई वैध अनुमति या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने समस्त पौधों को विधिवत जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/20 एवं 8(b)/20(a)(i) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।जिला पुलिस मंडला द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत नशे के अवैध कारोबार, परिवहन, बिक्री एवं खेती में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आमजन, विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी संचालित किए जा रहे हैं।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम के नेतृत्व में सउनि शिवशंकर सिंह राजपूत, सउनि जगदीश धूमकेती, प्रधान आरक्षक उगेश कुमार सरौते, रायसिंह मरावी, जितेंद्र परते, अजय झारिया तथा आरक्षक अमृत सिंह मेरावी, गजरूप उद्दे, मानसिंह परस्ते एवं संगीता मरकाम की सराहनीय भूमिका रही।

# ग्राम कोको में हाइस्कूल के नवीन भवन का हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

विकासखण्ड बिछिया ग्राम पंचायत कोको में नव निर्मित शासकीय हाई स्कूल के नवीन भवन का लोकार्पण समारोह मुख्य अतिथि सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते विधायक नारायण सिंह पट्टा के विशिष्ट आतिथ्य में उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। वहीं पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अर्चन, कर फीता काटकर माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजन अर्चन के साथ नव



निर्मित भवन का लोकार्पण किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज भट्ट, स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आत्मजीत सिंह अहलूवालिया जनप्रतिनिधि एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। वहीं वक्ताओं ने कहा कि नवीन विद्यालय भवन विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक व्यस्था उपलब्ध होगी वहीं क्षेत्र में शिक्षा के विकास को नई दिशा मिलेगी इस अवसर पर बड़ी संख्या क्षेत्र वासी ग्राम वासी अधिकारी कर्मचारी शिक्षक छात्रा ये उपस्थित थे।



## अटल नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ का जिला कार्यकारणी का गठन

**मण्डला।** दिनांक 19.07.2026 दिन रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर मंडला में प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लाल राय, प्रदेश सचिव साकेत बिहारी नागरिया, प्रदेश महामंत्री अमित चौकसे, प्रदेश सह सचिव साजिद खान, प्रदेश संगठन प्रभारी शैलेश कुमार जैन की उपस्थिति में अटल नगरीय निकाय अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ का गठन किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष सौरभ चौरसिया उपाध्यक्ष घनश्याम चौहान, सुमित हरदहा, पंकज नामदेव, प्रवेश बर्मन, सचिन अवधवाल, सौरभ लखेरा एवं समस्त जिला कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें नगर पालिका मंडला, नगर परिषद बम्हनीबंजर, नगर परिषद भुआबिछिया, नगर परिषद निवास, नगर पालिका नैनपुर के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।



## निवास विधानसभा के ग्राम खैरी में सामुदायिक भवन के लिए विधायक चैन सिंह वरकड़े ने किया भूमि पूजन, दी 10 लाख की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/निवास



निवास विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खैरी में ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग आज पूरी हो गई। क्षेत्रीय विधायक श्री चैन सिंह वरकड़े ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचकर खैरी में बनने वाले नवीन सामुदायिक भवन का विधिवत भूमि पूजन किया।

क्षेत्र में सार्वजनिक कार्यक्रमों और आयोजनों की सुविधा के लिए स्थानीय निवासियों द्वारा सामुदायिक भवन की मांग की जा रही थी। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए विधायक श्री वरकड़े ने इस कार्य के लिए अपनी विधायक निधि से 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की सुविधा के लिए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जाएगा।

इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने विधायक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष राजुल ज्योतिषी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मागन लाल सोनी, रघुनंदन विश्वकर्मा, नरेश सोनी, जिला महामंत्री संदीप सोनी, युवा ब्लॉक अध्यक्ष प्रिंस अग्रवाल, विधानसभा अध्यक्ष रितेश सोनी, मंडलम अध्यक्ष विपिन सोनी, शहर अध्यक्ष विपिन रामकुमार सोनी, मनीष बर्मन, दीपक चक्रवर्ती, गोपाल चक्रवर्ती चक्रवर्ती समाज के चौधरी गया प्रसाद चक्रवर्ती महतो धनेश चक्रवर्ती और दीवान चौधरी चक्रवर्ती सहित चक्रवर्ती समाज के अन्य लोग बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**अनदेखी** | **शिक्षकविहीन और एकल शिक्षक विद्यालयों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित।**

# बैगा अंचल में 18 दिनों से रिक्त बीईओ का पद

*** प्रशासनिक व वित्तीय कार्य भी पड़े ठप्प।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मण्डला जिले के बैगा अंचल मवई की शिक्षा व्यवस्था इन दिनों गंभीर संकट के दौर से गुजर रही है। विकासखंड में लगभग 18 दिनों से विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) का पद रिक्त होने के कारण शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। वहीं कई शासकीय विद्यालय शिक्षकविहीन अथवा एकल शिक्षक के भरोसे संचालित होने से आदिवासी अंचल के विद्यार्थियों की पढ़ाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, मवई में पदस्थ बीईओ 30 जून को सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन अब तक नए अधिकारी की पदस्थापना नहीं की गई है। इसके चलते सेवानिवृत्त कर्मचारियों से जुड़े लंबित प्रकरणों का निराकरण नहीं हो पा रहा है। इसी बीच नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ हो चुका है, लेकिन शिक्षकों की पदस्थापना, विद्यालयों की व्यवस्थाएं तथा अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया भी प्रभावित बताई जा रही है।

क्षेत्र के कई विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी बनी हुई है। अनेक स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं, जबकि कुछ विद्यालय पूरी तरह शिक्षकविहीन हैं। ऐसे में विद्यार्थियों की नियमित पढ़ाई बाधित हो रही है। बीईओ का पद रिक्त होने से आवश्यक प्रशासनिक निर्णय समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

विकासखंड शिक्षा कार्यालय से जुड़े विभिन्न वित्तीय एवं विभागीय कार्य भी लंबित बताए जा रहे हैं। इसका असर कार्यालयीन गतिविधियों के साथ-साथ विद्यालयों के संचालन पर भी पड़ रहा है। शिक्षा व्यवस्था में आई इस सुस्ती को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में चिंता बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है, तब भी विकासखंड शिक्षा अधिकारी का पद रिक्त रहना गंभीर प्रशासनिक लापरवाही का संकेत है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो इसका सीधा नुकसान बैगा अंचल के विद्यार्थियों को उठाना पड़ेगा। साथ ही यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि किन परिस्थितियों में ऐसे स्थानांतरण किए गए, जिनसे कई विद्यालय शिक्षकविहीन अथवा एकल शिक्षक के भरोसे रह गए।

जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही बीईओ की नियुक्ति नहीं की गई, शिक्षकविहीन विद्यालयों में शिक्षकों की पदस्थापना नहीं हुई तथा स्थानांतरण प्रक्रिया की निष्पक्ष समीक्षा नहीं की गई, तो आदिवासी अंचल की शिक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावित होगी।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी के रिक्त पद पर तत्काल नियुक्ति की जाए, शिक्षकविहीन एवं एकल शिक्षक विद्यालयों में आवश्यक शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा लंबित प्रशासनिक एवं वित्तीय कार्यों का शीघ्र निराकरण कराया जाए, ताकि बैगा अंचल के बच्चों की शिक्षा निर्बाध रूप से संचालित हो सके।

### इनका कहना है -

*मवई आदिवासी एवं बैगा बाहुल्य क्षेत्र है, जहां अधिकांश परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं। ऐसे क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सहायक आयुक्त, जनजाति कार्य विभाग द्वारा मवई में बीईओ की पदस्थापना एवं शिक्षकों की व्यवस्था के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश जारी किए जाएंगे। साथ ही शीघ्र ठोस निर्णय लेकर बीईओ की पदस्थापना तथा शिक्षक रिक्त पदों की पूर्ति सुनिश्चित की जाएगी तभी आदिवासी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी और उनकी पढ़ाई प्रभावित होने से बचाई जा सकेगी।*

***-कमलेश तेकाम,***
**अध्यक्ष जिला शिक्षा समिति**
**जिला पंचायत मण्डला**

*विकासखंड मवई में रिक्त चल रहे विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के पद पर जल्द ही पदस्थापना की जाएगी। बीईओ की पदस्थापना की प्रक्रिया जारी है और आगामी दो-तीन दिनों के भीतर नियुक्ति आदेश जारी हो जावेगें।*

***-डॉ. अरूण शुक्ला,***
**सहायक आयुक्त, जनजाति**
**कार्य विभाग, मण्डला**


## कार्यालय नगर परिषद निवास, जिला–मंडला (म.प्र.)

E-Mail-cmoniwaswampurban.gov.in

पत्र क्र. 3.26/ई-टेण्डर/2026-27 निवास, दिनांक 14/07/26

**-:बाजार फीस वसूली ठेके पर दिये जाने हेतु तृतीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना:-**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद निवास जिला मण्डला म.प्र. द्वारा निम्न तालिका अनुसार म०प्र० नगर पालिका (अचल सम्पति का अतंरण) नियम 2016 एवं संशोधित नियम म०प्र० राजपत्र (असाधरण) प्राधिकार से प्रकाशित नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल दिनांक 04 मई 2021 में दिये गये प्रावधानों के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु (01 अगस्त 2026 से 31 मार्च 2027 तक) 08 माह की अवधि के लिये बाजार फीस वसूली ठेके पर दिये जाने हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जा रही है। निविदा का विस्तृत विवरण म०प्र० शासन की वेबसाईट **https://mptenders.gov.in** पर उपलब्ध है या नगर परिषद निवास कार्यालय के राजस्व शाखा में उपस्थित होकर भी कार्यालीन समय पर देखी जा सकती है।

| क्र | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | ठेके का नाम | आरक्षित मूल्य | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_501935_3<br>14.07.2026 | दैनिक/साप्ताहिक बाजार एवं मड़ई/गुदरी ठेका (तृतीय नीलामी) | 880000.00 | 22000.00 | 2000.00 | 29.07.2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन **http://www.mptenders.gov.in** की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर परिषद निवास जिला-मण्डला (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### दम तोड़ रही युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाएं, बैकों में जाकर अटक रही फाईलें

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर प्रदेश की सरकार द्वारा शिक्षित बेरोजगारो को रोजगार मुहैया कराने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि यह योजनाएं बैंको की मनमानी के चलते दम तोड़ रही है? गौर किया जावे तो अनेक रोजगार मूलक योजनाओं के आंकड़े बेहद चौकाने वाले है जो हर वर्ष बैंको की हठधर्मी की वजह से योजनाओं के लक्ष्य की पूर्ति नही हो पा रही है? ऐसे में युवा की जिन्दगी संभालने के लिये चलाई जाने वाली योजनाओं के नाम पर खुद को छला महसूस कर रहे है। स्वरोजगार पाने की खातिर अनेक युवा बैंको के चक्कर काट काट कर परेशान होकर थक गये है, वही दूसरी ओर देखा जावे तो शिक्षित बेरोजगारो की उम्मीदे दम तोड़नें लगी है? बैंको द्वारा सहयोग नहीं किये जाने से विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत ऋण प्रकरणो में से आाधे हितग्राही भी लाभांवित नही हो पाते। वही बैंको में स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरण भेजने के बाद वहां से शिक्षित बेरोजगारो को ऋण मिलना टेडी खीर साबित हो रहा है? युवाओं द्वारा स्वरोजगार योजनाएं के लिए दिये गये आवेदन के संबंध में जब संबंतिध अधिकारियों से चर्चा की जाती है तो वहां पर बताया जाता हे कि उनके द्वारा प्रकरण तैयार करते हुए बैकों में भेज दिया गया है। मगर बैको में अधिकारी बात करने के लिए भी तैयार नही होते है, जिसके चलते प्रदेश की सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं लगातार फेल होती हुए जान पड़ रही है..? सही मायने में देखा जावे तो युवाओं को लेकर सरकार द्वारा योजनाये संचालित करते हुये उन्हें पैरों पर खड़े करने की बात तो कही जाती है मगर वह मात्र एक औपचारिकता पूर्ण साबित होने से नही चूक पाती है।

### ट्रेक्टर ट्रालियों में ओवर लोडिंग हो रहे मिट्टी परिहवन से सड़कों पर गिरने वाली मिट्टी बन रही परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** इस समय नगर की सड़कों पर देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से नियम विरूद्ध ट्रेक्टरों का परि संचलन किया जा रहा है उस ओर प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने का परिणाम यह है कि ट्रेक्टरों के संचालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू होकर आम लोगों तथा नगरवासियों की जिन्दगी को खतरे में डालते हुए देखे जा रहा है? यदि इन ट्रेक्टरों के संचालन की स्थिति पर गौर किया जावे तो यहां पर अनेक ट्रेक्टर कृषि कार्य के नाम पर रजि. होने के बाद भी अन्य कार्यो में लगे हुए है? मगर प्रशासन का ढुलमुल रवैया होने के कारण इन ट्रेक्टर चालको के हौसले बुलंद देखे जा रहे है? इतना नही आये दिन दिखा जाता है कि जब इन ट्रेक्टरों से मिट्टी, रेत व गिट्टी की ढुलाई करते हुए नगर में प्रवेश करते है तो इन ट्रेक्टरों को इस प्रकार के नाबांलिक बच्चों द्वारा दौड़ाते हुए देखा जाता है कि जिनके पैर न तो ब्रेक तक पहुंच पाते है और न ही उनकी उम्र वाहन चलाने की होती है..? इसके बाद भी प्रशासन की कुम्भ कर्णी निंद्रा का परिणाम है कि उनके द्वारा छूट प्रदान किये जाने के कारण यह लोग आम लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालते हुए देखे जा रहे है? वही अक्सर नगर की सड़कों पर इन ट्रेक्टरों का संचालन होते हुए उस समय देखा जाता है जब बच्चों के स्कूल छूटने तथा लगने का समय होता है, स समय नगर की सड़कों पर दौड़ने वाले ट्रेक्टरों की गति को देखते हुए यह जान पड़ता है कि शायद मासूमो का अब भगवान ही मालिक है? यदि गौर किया जावे तो इन ट्रेक्टरों में ढोये जाने वाली मिट्टी को ट्रेक्टर मालिको द्वारा इस प्रकार से भरते हुए नगर की सड़को पर दौड़ाया जाता है जिसके चलते जब वह मिट्टी सड़को पर गिरने के बाद अन्य छोटे वाहन चालको के लिए खतरा की घंटी बताते हुए जान पड़ती है, क्योंकि सड़को पर गिरने वाली इस मिट्टी के चलते जहां बाइक सबारों को फिसलने का भय बना रहता है तथा इस मिट्टी के धूल में परिवर्तित होने के बाद सड़क को गंदा तो करती ही है साथ ही साथ जब इस मिट्टी से बनी हुई धूल के गुब्बरे बनकर उड़ते है तो लोगों का सांस लेना भी दूभिर हो जाता है? जिसके चलते जहां नगर के लोग इन ट्रेक्टर चालको की मनमानी से परेशान देखे जा रहे है, वही दूसरी ओर लोगों की जिन्दगी के लिए खतरा भी जान पड़ रहे है?




# बेअसर साबित हो रहा है जिला कलेक्टर का मछली मारने पर लगा हुआ प्रतिबंध आदेश

## अधिकारियों की अनदेखी के चलते नर्मदा नदी सहित अन्य नदियों में धडल्ले से किया जा रहा मछलियों का शिकार......

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

इस समय जिस प्रकार से क्षेत्र की स्थिति देखने मिल रही है उससे यह अनुमान लगनने से नही चूक पा रहा है कि शायद अब जिले में कानून व्यवस्था का नामो निशान ही मिट चुका है और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिये जाने वाले आदेश मात्र औपचारिकता पूर्ण होकर रह गये है..? क्योंकि जहां जिला दंड अधिकारी द्वारा संपूर्ण जिले में इस मछली मारने से लेकर उनका परिवहन व विक्रय करने पर पूर्णरूप से 15 अगस्त तक के लिये प्रतिबंध लगाया गया है। मगर इसके बाद भी धडल्ले में क्षेत्र की जीवन रेखा माने जाने वाले नर्मदा नदी सहित अन्य नदियों में मछलियों का शिकार के साथ शहरों से लेकर कस्बों में विक्रय होते हुये देखाई दे रहा है। मगर इसके बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा चुप्पी साधे होने से यह प्रतीत हो रहा है कि शायद जिला अधिकारी का आदेश उनके सामने कोई महत्व नही रखता है? इस सच्चाई से अनुमान यह लगने लगा है कि जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा दिये जाने वाले आदेश जहां मात्र एक औपचारिकता साबित हो रहे है या फिर जिला अधिकारी के अधिनस्थ कार्य करने वाले अन्य अधिकारी जिला अधिकारी के आदेश



को कोई महत्व ही नही दे रह गया है ...? खैर सच्चाई जो भी हो मगर इस समय जिस प्रकार से सभी नियमों को दर किनार करते हुये चल रहे अवैध कार्यो की सच्चाई देखते हुये यह जान पड़ रहा है कि अब कानून व्यवस्था को जिले में नामो निशान ही मिट चुका है और अधिकारियों के आदेश मात्र एक औपचारिकता पूर्ण बन चुके है और ऐसा



लग रहा है कि शायद अब इस क्षेत्र का भगवान ही मालिक है? क्योंकि लोगों के मन में जहां जो मर्जी होती है वह करने लगता है। मगर उनकी मन मानियों पर अंकुश लगाने में अधिकारी असहाय साबित होते हुये दिखाई दे रहे है। जिसका परिणाम है कि शहर में शराब के साथ मांस मछली विक्रय की गति बढ़ने का नतीजा है कि नगर की वीरान जगहों पर प्रति दिन सुरा प्रेमियों की महफिलें सजने से नही चूक रही है। वही दूसरी ओर मांस मछली व अंडे विक्रय करने वालो की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि उनकी जहां मर्जी होती है वह अपनी मांसाहारी दुकान खोलकर बैठे जाते है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो आज नगर के अनेक धार्मिक स्थलों से लेकर शिक्षण संस्थाओं के आस पास खुले आम मांस व मछली अंडा की दुकाने सजने के साथ विक्रय होते हुये देखे जाने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही न होना निश्चित तौर से चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक रहा है..? इस प्रकार की स्थिति के चलते जहां नगर का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। वही दूसरी ओर धार्मिक स्थलों के इर्द गिर्द बिकने वाली मांसाहारी सामग्री के चलते आमजन की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचने के कारण लोगों मे आक्रोश भी देखने मिल रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो नगर की पानी टंकी के पास पास गायत्री मंदिर की ठीक सामने से लेकर पलोटन गंज जाने वाले मार्ग पर हनुमान मंदिर के पास खुलेआम अंडा व अन्य मांसाहारी समान को विकते हुए देखा जा रहा है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के रेल्वे स्टेशन के पास भी देखने मिल रही है जहां पर प्रति सोमवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन मछली विक्रय करने वालों द्वारा खुलेआम नदियों से शिकार करते हुये लाई गई छोटी मछलियों को जिस तरह आग के माध्यम से भूंजा जाता है उसकी बदबू संपूर्ण क्षेत्र में फैलने से नही चूक पाती है। कुछ इसी प्रकार का हाल नगर के अन्य अंदरूनी भागों में देखने मिल रहा है। यह सच्चाई सिर्फ गाडरवारा शहर की ही नही बल्कि समीपस्थ सालीचौका, चीचली, सांईखेड़ा, सालीचौका सहित अन्य कस्बों में भी देखने मिल रही है जहां पर प्रतिबंध के बाबजूद खुलेआम नदियों में मछलियों का शिकार करते हुये लोगों द्वारा बाजार में विक्रय करने से नही चूक रहे है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब इस समय मछलियों के शिकार करने पर प्रतिबंध लगा हुआ है तो फिर यह मछली विक्रय करने के लिये आ कहा से रही है। मगर इस ओर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण निश्चित तौर से निमयों की धज्जियाँ उड़ाने वालों के हौसले बुलंद होने से नही चूक पा रहे है...?

# रायपुर शासकीय स्कूल के लिये विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति के बीच प्रदान की गई जरूरी सामग्री

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा शासकीय शिक्षण संस्थाओं के रख रखाब से लेकर अन्य जरूरी कार्यो के लिये राशि प्रदान करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। मगर क्षेत्र में कुछ ही शिक्षण संस्थाये इस तरह की मिल पायेगी जिन में उस राशि का सही उपयोग करते हुये संस्थाओं की सुन्दर बनाने से लेकर वहां के महौल को मनमोहकता प्रदान की जा रही हो..? इस सच्चाई से परिपूर्ण जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले ग्राम रायपुर शासकीय स्कूल की व्यवस्थाओं ने संपूर्ण जिले में अपनी एक अनोखी छाप छोड़ने के लिये अन्य संस्थाओं को प्रेरित करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। इसी के चलते बीते हुये शनिवार को ग्राम रायपुर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रोटरी क्लब के पूर्व असिस्टेंट गवर्नर मिनेन्द्र डागा एवं अशोक राजपूत की अनुशंसा पर पूर्व डिस्ट्रिक्त गर्वनर अखिल देव मिश्र द्वारा प्रदत्त वाटर कूलर का लोकार्पण करने के साथ साथ सरकार द्वारा पर्यावरण का रक्षा को संदेश देते हुये चलाई जा रही मुहिम एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया है। वही संस्था के मेधावी विद्यार्थी सम्मान एवं विद्यालय के 18 वे स्थापना दिवस का आयोजन रोटरी क्लब के सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ वीणापानी के पूजन के साथ किया गया। संस्था स्थापना दिवस के मौके पर विद्यालय की गौरवशाली यात्रा शून्यता से दिव्यता के मूल मंत्र पर चलकर विद्यालय की उपलब्धियों पर विद्यालय के शिक्षक अम्बर शर्मा द्वारा प्रभावी प्रकाश डाला गया। इस शुभ अवसर पर रोटरी क्लब द्वारा विद्यालय को प्रदान किए गए वाटर कूलर का लोकार्पण रोटरी





क्लब के समस्त पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में करते हुये एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत विविध प्रजाति के बहुमूल्य 21 पौधे रोपित किये गये। वही शोभायमान पॉम की विभिन्न प्रजातियों के बहुमूल्य पौधों का पवित्र पौधारोपण कार्य संपन्न किया गया। तत्पश्चात सभागार में गुरुपूर्णिमा पखवाड़े की दिवस वार निर्धारित अवधारणा से रोटरी क्लब द्वारा गुरु शिष्य परंपरा, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं एवं अनुशासित वातावरण की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं परिश्रम के माध्यम से आगामी परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने के लिए अत्यंत प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान किया। इस आयोजन के प्रेरणास्त्रोत्र रोटरी क्लब के पूर्व ए.डी.जी. मिनेंद्र डागा ने विद्यार्थियों को प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि प्रणाम से परिणाम बदलते हैं और संगत से रंगत बदलती है। विद्यार्थियों को श्रेष्ठ संस्कार, सकारात्मक सोच एवं अच्छी संगति अपनाने का संदेश दिया और अपनी उत्कृष्ट सहज सरल शैली, सौम्य व्यवहार और अपने ओजस्वी उद्बोधन से समस्त विद्यार्थियों को जीवन जीने के मूल मंत्र से लेकर विद्यार्थी धर्म के पालन का संदेश दिया। उन्होने कैरियर मार्गदर्शन के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य निर्माण हेतु लक्ष्य पर केंद्रित कर मातृभूमि की सेवा के भाव का ध्येय धारित कर शुभकामनाएं प्रदान की । कार्यक्रम के एक दिवसीय आयोजन में बाल सभा की अवधारणा को समाहित कर गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रतिभा सम्मान के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले मेधावी विद्यार्थियों तथा संस्था प्राचार्य गजेंद्र कौरव का सम्मान किया गया। इस दौरान संस्था के प्राचारी गजेन्द्र कौरव ने सभी अतिथियों, रोटरी क्लब के सदस्यों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास में निरंतर सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की गई।



## सांगई के स्कूल में बैगलेस डे पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुत की गई शानदार पेंटिंग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कहा जाता है कि प्राथमिक स्तर के स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चे एक कच्चे घडे के समान होते है उन्हें शिक्षको द्वारा जो सिखया जाता है उसे ग्रहण करने में देर नही करते है और जब उन्हें प्रस्तुती का अवसर मिलता है तो सभी का मन मोह लेते है। इस प्रकार से बीते हुये शनिवार को समीपस्थ ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में नये सत्र 2026-27 की बैगलेस डे की गतिविधियों का शुभारंभ विद्यार्थियों की ड्राइंग और पैटिंग विधाओं से किया गया। ज्ञात हो कि राज्य शिक्षा केंद्र के आदेशानुसार जुलाई माह से लेकर जनवरी माह में कोई एक शनिवार को स्कूलों में बैगलेस डे मनाये जाने के निर्देश दिये गये है। इन विधाओं में कक्षा 6 से कक्षा 8 वी तक के बच्चों ने सरदार भगत सिंह, रानी लक्ष्मी बाई, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, अंगूर गुच्छा, पर्यावरण संरक्षण, पृथ्वी, नदी, राधा रानी सहित अनेक ड्राइंग और पेंटिंग बनाई। अंत में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान वाले बच्चों का चयन किया गया जिन्हे आगामी बैगलेस डे कार्यक्रम में सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर मार्गदर्शी शिक्षक मधुसूदन पटैल ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों के आयोजन से छात्र छात्राओं में विभिन्न कौशलो का विकास होता है। विद्यालय के प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में अंकिता धानक, दुर्गा केवट, रौशनी केवट, डीना केवट, चाँदनी केवट, विद्या केवट, दीपक केवट, करण केवट मौजूद रहे।

## पेपर लीक होने की घटनाओं को लेकर शिक्षित युवाओं ने एक दिवसीय अनशन करते हुये प्रधान के त्याग पत्र की उठाई मांग



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लगातार बढ़ रही बेरोजगारी के बीच जब कोई नौकरी संबंधी बैकेंसी हो या फिर किसी नौकरी को पाने के लिये परीक्षा की तैयारियाँ छात्र छात्राओं द्वारा अपने परिवारजनों से दूर रहते हुये तैयारिया करने में जहां हजारों रूपया खर्च करते हुये तैयारियाँ की जाती है। इसके बाद जब परीक्षा देने का समय आता है तो उनका पेपर लीक होने की खबर से निश्चित ही बच्चों पर आर्थिक व मानशिक प्रभाव पड़ने से नही चूकता है। क्योंकि जब बच्चे रात दिन पढ़ाई करते हुये किसी परीक्षा को दे चुके होते है इसके बाद जब उन्हें पता चलाता है कि जिस परीक्षा का उनके द्वारा पेपर दिया है तो वह लीक हो चुका है। इस स्थिति में बच्चों को पुनः परीक्षा देने के लिये उतनी ही मेहनत करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इस तरह हमारे देश में पेपर लीक होने की घटनाओं से शिक्षित युवाओं पर विपरित असर पड़ने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर अनेक छात्र छात्राओं की स्थिति तो इस तरह से देखने मिलती है कि वह सदमा सहन नही कर पाते है और उनकी मौत होने की खबरे आम बात हो चुकी है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये महिनों में जिस तरह नीट पेपर के लीक होने के दौरान देखने मिल चुका है..? इस तरह नीट पेपर लीक होने की घटनाओं के चलते सरकार के प्रति शिक्षित युवाओं सहित उनके अभिभावको से लेकर आमजन में कापी आक्रोश का महौल निर्मित होते हुये देखा जा रहा है। इसी के चलते अब युवाओं द्वारा केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से अपना त्याग पत्र देने की मांग करने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये रविवार को नगर के पलोटन गंज मातारानी के मंदिर के समीप नगर सहित क्षेत्र के शिक्षित युवाओं सहित आमजन ने सरकार के प्रति विरोध प्रदर्शन करते हुये एक दिवसीय अनशन करते हुये पेपर लीक होने की घटनाये बंद होने के साथ साथ धमेन्द्र प्रधान के त्याग पत्र की मांग करते हुये शिक्षा व्यवस्थाओं में सुधार लाने की मांग उठाई गई। नगर के शिक्षित तथा जागरूक एवं जिम्मेदार युवाओं द्वारा किये गये इस अनशन में नगर के अनेक लोगों ने पहुंचकर उनकी मांग को उचित ठहराते हुये अपना समर्थन देने का भरोसा दिया गया।

## नागिन डांस की तरह लहराते हुये ट्रांसफार्मर पर सब्जी की बेल के अंदर छिपी हुई लाईनों से सप्लाई हो रही बिजली...

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** एक ओर जहां बिजली विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को आये दिन नये नये नियमों के तहत बिजली बिलो का भुगतान कराया जा रहा है तो दूसरी ओर बिद्युत लाईनों के रख रखाव से लेकर अन्य प्रकार के मदों के माध्यम से राशि ली जा रही है। मगर इसके बाद जब विद्युत सप्लाई की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो ऐसा कोई दिन शेष नही रहता होगा जब दिन में अनेकों बार बिजली की आंख मिचौली से लेकर बिजली लाईनों में फाल्ट होने का खमियाजा आम उपभोक्ताओं को भोगने के लिये मजबूर होते हुये न देखा जा रहा हो..? इस समय चल रही बारिश के दौर में उमश भरी गर्मी से हलाकान हो रहे आम लोगों के बीच बिजली की चल रही आंख मिचौली जहां परेशान करने में कोई कसर नही छोड़ रही है। वही दूसरी ओर बिजली लाईनों के रख रखाव व सुधार कार्य के नाम पर जहां बिजली विभाग द्वारा दिन दिन भर सप्लाई बंद रखते हुये सुधार कार्य की औपचारिकता तो निभाई जाती है..। मगर नगर व क्षेत्र में जहां तहां नागिन डांस की तरह लहराते हुये ट्रांसफार्मर व सब्जी की बेलाओं के बीच से सप्लाई हो रही विद्युत व्यवस्था विद्युत विभाग की उदासीनता की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? बताया जाता है कि नगर में अनेक जगहों पर लगे हुये बिजली खम्बो व सप्लाई होने



वाली लाईनों पर सब्जी सहित अन्य प्रकार के बेलाये इस तरह जकड़ी हुई देखी जा रही है, जिसके चलते जब भी जरा सी बारिश होती है तो बिजली लाईन फाल्ट होने के कारण विद्युत



व्यवस्था ठप्प होने से नही चूकती है। वही दूसरी ओर इस तरह लाईनों में फाल्ट बनने के चलते लोगों के घरों में चलने वाले विद्युत सयंत्र भी खराब होने से नही बच पाते है..? इस प्रकार बिजली लाईनों के रख रखाब में विभाग के जिम्मेदारों द्वारा बरती जा रही उदासीनता का खमियाजा आम उपभोक्ताओं के भोगने के लिये मजबूर होते हुये विद्युत सामग्री खराब होने की स्थिति में आर्थिक क्षति का सामना करते हुये भी देखा जा रहा है।

## कन्या नवीन स्कूल में आयोजित हुआ सेमिनार कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

शनिवार को स्थानीय पीएमश्री शासकीय कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा बाल एवं किशोरी विकास समिति के अंतर्गत एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं मार्ग दर्शक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान माँ सरस्वती पूजन से शुरू हुए कार्यक्रम में आज के बदलते परिवेश में बच्चों के सही मानसिक विकास और अभिभावकों के सही मार्ग दर्शन के लिए विशेष केरियर काउंसलिंग एवं अवेयरनेस



सेमिनार मुख्य वक्ता नागपुर से आई काउंसलर मनीषा देशमुख ने किशोरावस्था की मानसिक एवं



भावनात्मक चुनौतियां एवं समाधान विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुये उन्होंने छात्राओं से विभिन्न प्रश्न पूछे एवं संवाद करते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश में मोबाइल का उपयोग सिर्फ अध्ययन हेतु करना चाहिये। किशोरावस्था के समय में कभी कभी भटकाव हो है लेकिन हमें अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिये। माहेश्वरी महिला मंडल की स्थानीय अध्यक्ष श्रीमती अनुराधा काबरा ने बताया कि युवा वर्ग को आज के दौर में इस प्रकार के समस्या समाधान शिवरों की अति आवश्यकता है और माहेश्वरी महिला मंडल हमेशा इस तरह के सामाजिक कार्यो को गति प्रदान करता रहेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्राचार्य सतीश नाईक ने कहा कि इस सेमिनार से छात्राओं को नया सीखने को मिला है। कार्यक्रम में माहेश्वरी महिला मंडल की समस्त सदस्य एवं स्कूल स्टॉफ के सदस्य व छात्राएँ उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस सख्त

**मानपुर।** सड़क सुरक्षा को पुख्ता करने और यातायात नियमों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शनिवार को मानपुर में एक बड़ा अभियान चलाया गया। शहडोल रोड स्थित संतोष बोरवेल्स के सामने दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक चले इस सघन चेकिंग अभियान में यातायात पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की। यातायात प्रभारी ज्योति शुक्ला (एडिशनल एसडीओपी) के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए कुल 105 वाहनों के ऑनलाइन चालान काटे। इस दौरान नियमों को ताक पर रखने वाले वाहन चालकों से कुल 71,200 रुपये का शमन शुल्क वसूल कर शासकीय कोष में जमा कराया गया। कार्रवाई के तहत एक ओवरलोड वाहन पर 32,000 रुपये और एक बिना लाइसेंस के वाहन चालक पर 5,000 रुपये का भारी जुर्माना लगाया गया। इसके साथ ही बिना हेलमेट और अवैध सर्च लाइट लगाने वाले चालकों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए गए। इस सराहनीय और सफल अभियान में एएसआई महोबिया, एसआई टोप्पो, एएसआई मार्तंड पांडे, एएसआई पुरुषोत्तम गर्ग, प्रधान आरक्षक अजय तिवारी, कल्याण सिंह, बृजेश सिंह और इंद्रपाल सिंह की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस प्रशासन की इस मुस्तैद कार्रवाई की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की है।

### डीसीएचबी फील्ड फंक्शनरीज का पांच दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**उमरिया।** भारत सरकार के जनगणना संचालनालय के दिशा-निर्देशानुसार, आगामी डिजिटल जनगणना के सफल क्रियान्वयन एवं जिला नियोजन के सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज डिस्ट्रिक्ट सेंसस हैंडबुक 2027 के निर्माण हेतु जिले में आयोजित पांच दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। ड कलेक्टर एवं प्रधान जनगणना अधिकारी श्रीमती राखी सहाय के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का प्रभावी समन्वय अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला जनगणना अधिकारी प्रमोद कुमार सेन गुप्ता तथा जिला जनगणना नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्रत्यूष श्रीवास्तव द्वारा किया गया। मास्टर ट्रेनर्स गिरीश शुक्ला एवं अजय सिंह राजावत द्वारा जिले की समस्त तहसीलों एवं नगरीय निकायों के प्रशासनिक अमले को सुदृढ़ किया गया। फील्ड फंक्शनरीज को डीसीएचबी की संपूर्ण कार्यप्रणाली, डिजिटल डेटा संकलन की बारीकियों, अत्याधुनिक मोबाइल एप्लीकेशन के व्यावहारिक उपयोग, ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों की ढांचागत सूचनाओं के एकत्रीकरण, डेटा सत्यापन, गुणवत्ता नियंत्रण, फील्ड संचालन प्रोटोकॉल तथा रीयल-टाइम रिपोर्टिंग प्रणाली पर हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग देकर मैदानी मोर्चे के लिए पूरी तरह तैयार किया गया।

### अनबॉक्स थीम पर नन्हे विद्यार्थियों ने बिखेरा हुनर कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास का अनूठा संगम

**अमरकंटक।** कल्याणिका केंद्रीय शिक्षा निकेतन, अमरकंटक के जूनियर सेक्शन के सीसीए क्लब द्वारा शनिवार को कक्षा तृतीय से पंचम तक के विद्यार्थियों के लिए अनबॉक्स थीम पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नन्हे विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशीलता, रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास का ऐसा प्रदर्शन किया कि पूरा विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। रंग-बिरंगी वेशभूषाओं और आकर्षक प्रस्तुतियों से सजे इस आयोजन में बच्चों ने निर्धारित थीम के अनुरूप विभिन्न अभिनव पात्रों का रूप धारण कर मंच पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। प्रत्येक प्रतिभागी ने लगभग 30 सेकंड के आत्म-परिचय अथवा अपने पात्र से जुड़े प्रेरक संदेश के माध्यम से न केवल अभिनय कौशल का परिचय दिया, बल्कि अपनी अभिव्यक्ति क्षमता और मंच संचालन दक्षता से भी सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों द्वारा स्वयं तैयार किए गए रचनात्मक प्रॉप्स प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण बने। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों में रचनात्मक चिंतन, नवाचार, आत्मविश्वास, प्रभावी संवाद कौशल और व्यक्तित्व विकास को नई दिशा प्रदान करती हैं। अनबॉक्स जैसी प्रेरणादायी थीम विद्यार्थियों को परंपरागत सोच की सीमाओं से बाहर निकलकर नए विचारों और संभावनाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सीसीए क्लब, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों का सहयोग रहा। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

---

#### मरवारी प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

# जर्जर भवन और कमरों की कमी से प्रभावित पढ़ाई, एक कमरे में संचालित हो रहीं पांच कक्षाएं





**शहपुरा।** विकासखंड शहपुरा की ग्राम पंचायत मरवारी स्थित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। विद्यालय में पर्याप्त कक्ष उपलब्ध नहीं होने से प्राथमिक विद्यालय की कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों की पढ़ाई एक ही कमरे में कराई जा रही है। इसी तरह पूर्व माध्यमिक विद्यालय की छठवीं से आठवीं तक की तीनों कक्षाएं भी एक ही कक्ष में संचालित हो रही हैं। इससे शिक्षकों को एक साथ कई कक्षाओं का संचालन करना पड़ रहा है, जिसका असर विद्यार्थियों की पढ़ाई और सीखने की गुणवत्ता पर पड़ रहा है।विद्यालय भवन भी जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। कई कक्षों की छत का प्लास्टर उखड़ गया है तथा सरिया बाहर दिखाई देने लगी है। बरसात के मौसम में भवन की स्थिति बच्चों और शिक्षकों की सुरक्षा के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। वहीं विद्यालय परिसर में शौचालय का सेप्टिक टैंक खुला होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

ग्रामीणों का कहना है कि प्राथमिक विद्यालय का नया भवन तैयार होने के बावजूद उसमें हायर सेकेंडरी विद्यालय का संचालन किया जा रहा है, जबकि प्राथमिक विद्यालय के छोटे बच्चों को अब भी पुराने और जर्जर भवन में अध्ययन करना पड़ रहा है। विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप पर्याप्त कक्ष नहीं होने से शिक्षण कार्य सुचारु रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है।विद्यालय प्रबंधन ने अतिरिक्त कक्षों के निर्माण एवं भवन की मरम्मत की आवश्यकता से विभागीय अधिकारियों को कई बार अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों और अभिभावकों ने शिक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन से विद्यालय का शीघ्र निरीक्षण कर अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, जर्जर भवन की मरम्मत तथा खुले सेप्टिक टैंक को सुरक्षित कराने की मांग की है, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

# मैया अभियान के तहत ईमली कुटी घाट पर चला स्वच्छता अभियान, सेवादारों ने किया श्रमदान



**डिंडौरी।** माँ नर्मदा की सेवा एवं स्वच्छता के प्रति समर्पित मैया अभियान के सेवादारों ने रविवार सुबह 6 बजे ईमली कुटी घाट पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर घाट परिसर की साफ-सफाई की। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने पूरे घाट से प्लास्टिक कचरा, कांच की बोतलें, अन्य प्रदूषित सामग्री तथा बाढ़ के कारण जमा हुई कापू मिट्टी को हटाया। इसके बाद झाड़ू लगाकर नर्मदा जल से घाट की स्वच्छता सुनिश्चित की गई।सेवादारों ने माई की सेवा दिल से कर के नारों के साथ श्रमदान करते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश भी दिया। अभियान से जुड़े सदस्यों ने बताया कि नर्मदा परिक्रमा यात्रियों के लिए बने आश्रय स्थल पर स्थानीय लोगों द्वारा पशु बांधने के कारण घाट पर अक्सर गंदगी फैल जाती है, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा होती है।

मैया अभियान पिछले तीन वर्षों से लगातार माँ नर्मदा के घाटों की स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए कार्य कर रहा है। हालांकि, स्थानीय स्तर पर जनजागरूकता की कमी अब भी महसूस की जा रही है। अभियान के सदस्यों ने नगरवासियों से अपील की कि माँ नर्मदा की सच्ची सेवा उनके जल और घाटों की स्वच्छता बनाए रखने में है। सभी नागरिक स्वच्छता बनाए रखने में अपना सहयोग दें।रविवार के स्वच्छता अभियान में डॉ. संतोष परस्ते, एम.एस. धुर्वे, राम संजीवन वर्मा, आर.पी. कुशवाहा, जितेंद्र दीक्षित, शाहिद खान, राम विशाल मिथलेश, राकेश नामदेव, संदीप बर्मन, कमलेश वाल्मीकि, ओमवीर जाट, अवध गौहिया, महारन प्रताप सिंह तथा छात्रा माही बरोतिया सहित अनेक सेवादारों ने श्रमदान कर माँ नर्मदा की सेवा में अपनी सहभागिता निभाई।

# मेहंदवानी के सारसडोली में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित, 63 पशुओं का टीकाकरण



**डिंडौरी।** आकांक्षी विकासखंड मेहंदवानी के ग्राम सारसडोली में शनिवार को पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशु चिकित्सा शिविर एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार आयोजित शिविर का संचालन उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. आर.एम. भरमुदे के नेतृत्व में किया गया।शिविर में बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लिया। इस दौरान 63 पशुओं का एच.एस. रोग से बचाव हेतु टीकाकरण किया गया, जबकि 127 पशुओं को कृमिनाशक दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं दो पशुपालकों के पशुओं का कृत्रिम गर्भाधान कराया गया तथा 22 किसानों के किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के आवेदन भी भरवाए गए। पशुपालकों को हरे चारे के उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 56 किसानों को सॉरघम (ज्वार) के चारा बीज का वितरण भी किया गया।संगोष्ठी के दौरान पशुपालकों को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए आधुनिक पशुपालन तकनीकों को अपनाने, वैज्ञानिक प्रबंधन के माध्यम से उत्पादन एवं आय बढ़ाने तथा शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में डॉ. दुर्गेश मार्को, आशीष पद्माकर, श्रीमती रुकमणी चंदेल सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, ग्राम के मैत्री कार्यकर्ता, गौ-सेवक तथा बड़ी संख्या में पशुपालक उपस्थित रहे।

# नगर परिषद शहपुरा के उपाध्यक्ष मुकेश साहू ने दिया इस्तीफा

**शहपुरा।**






नगर परिषद शहपुरा के उपाध्यक्ष मुकेश साहू ने भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम को अपना त्यागपत्र सौंप दिया है। 15 जुलाई 2026 को लिखे गए त्यागपत्र में उन्होंने मानसिक प्रताड़ना, अनुचित दबाव और प्रतिकूल परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए पद छोड़ने का निर्णय लेने की बात कही है। साथ ही पत्र में लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष एवं गोपनीय जांच कराने की मांग भी की है।त्यागपत्र में मुकेश साहू ने स्वयं को भाजपा का समर्पित कार्यकर्ता बताते हुए लिखा है कि उन्होंने हमेशा संगठन की मर्यादा और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके अनुसार, पिछले कुछ समय से संगठन के कुछ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उन पर नियमों और नैतिक मूल्यों के विपरीत कार्य करने का दबाव बनाया जा रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे दबाव का विरोध करने पर उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया तथा राजनीतिक नुकसान पहुंचाने की धमकियां भी दी गईं।

अपने पत्र में उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि नगर परिषद के कुछ अधिकारी-कर्मचारियों को संरक्षण दिया जा रहा है, जबकि वे नियमों के विपरीत कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा, कुछ पार्षदों एवं पार्टी नेताओं पर व्यक्तिगत स्वार्थ और राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते उन्हें लगातार निशाना बनाने का आरोप भी लगाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि निजी वाहन से निःशुल्क पेयजल वितरण जैसे जनहित के कार्यों में भी बार-बार बाधाएं उत्पन्न की गईं।उपाध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष से अनुरोध किया है कि उनके द्वारा लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष एवं गोपनीय जांच कराई जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाएं तो संबंधित लोगों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# सोनम वांगचुक के समर्थन में आप का कैंडल मार्च, दिल्ली पुलिस की कार्रवाई के विरोध में



**शहपुरा।** लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता एवं पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक के समर्थन में आम आदमी पार्टी (आप) जिला डिंडौरी इकाई द्वारा शहपुरा में कैंडल मार्च एवं शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए केंद्र सरकार से सोनम वांगचुक की मांगों पर गंभीरता से विचार कर शीघ्र संवाद स्थापित करने की मांग की।पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि सोनम वांगचुक अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर थे। उनका आरोप है कि दिल्ली पुलिस ने उन्हें आंदोलन स्थल से अस्पताल में भर्ती कराया। इसी के विरोध में जिले के कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकालकर लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सोनम वांगचुक के समर्थन में नारे लगाए और कहा कि वे लद्दाख के पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय हितों तथा संवैधानिक अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शांतिपूर्ण आंदोलन प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और ऐसे आंदोलनों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि सोनम वांगचुक से सकारात्मक संवाद स्थापित कर उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय लिया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत आवाज उठाना जारी रहेगा।प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष अधिवक्ता निर्मल कुमार साहू, जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता विनय झारिया, जिला सचिव प्रहलाद परस्ते, अनीश साहू, ओबीसी विंग के जिला अध्यक्ष घनश्याम कुशवाहा, जिला संगठन मंत्री देवी प्रसाद साहू, युवा विंग जिला अध्यक्ष टेकचंद, विधानसभा शहपुरा अध्यक्ष दिलीप झारिया, संगठन मंत्री मनोज मिश्रा, उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार साहू, आकाश साहू, नंदकिशोर साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 148 आदिवासी विद्यार्थियों को निःशुल्क स्टेशनरी सामग्री का वितरण



**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर स्थित बाल विकास विद्या मंदिर हाई स्कूल में जनजाति कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से संचालित योजना के अंतर्गत रविवार को कक्षा पहली से पांचवीं तक अध्ययनरत 148 आदिवासी विद्यार्थियों को निःशुल्क कॉपी, पुस्तक एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई।विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आर्थिक रूप से कमजोर एवं अनुदान प्राप्त विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ आवश्यक शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारु रूप से जारी रह सके।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के उपसरपंच शुभांशु चन्द्रौल, वरिष्ठ पत्रकार देव सिंह भारती, उमेश कुमार साहू, पालक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष शुद्धू सिंह मरकाम, संस्था के प्राचार्य शेख साबिर मंसूरी, शिक्षक समिति के सचिव अरविंद कुमार यादव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को मन लगाकर अध्ययन करने और शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया।

# जिला अस्पताल में फायर फाइटिंग डेमो आयोजित अग्नि सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा



**डिंडौरी।** शासकीय जिला चिकित्सालय डिंडौरी में रविवार को अग्नि सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन को लेकर फायर फाइटिंग डेमो का आयोजन किया गया। इस दौरान अस्पताल में आग जैसी आपात स्थिति से निपटने के लिए की गई तैयारियों का प्रदर्शन किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, नगर परिषद डिंडौरी अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस, सिविल सर्जन डॉ. रमेश मरावी, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन तथा ओम अश्विनी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि गौरव सिंह बघेल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला अस्पताल में फायर फाइटिंग सिस्टम का इंस्टॉलेशन ओम अश्विनी इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया है। डेमो के दौरान फायर ब्रिगेड दल एवं विशेषज्ञों ने आग लगने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग, मरीजों एवं अस्पताल कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया तथा आपातकालीन परिस्थितियों में विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्य करने का व्यावहारिक प्रदर्शन किया।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील संस्थानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अग्निशमन उपकरणों की नियमित जांच एवं रखरखाव किया जाए तथा कर्मचारियों को समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में प्रभावी कार्रवाई की जा सके।उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में पूर्व तैयारी और नियमित अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी सुरक्षा प्रोटोकॉल का गंभीरता से पालन करें और आपात परिस्थितियों में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें।कार्यक्रम के पश्चात कलेक्टर ने जिला अस्पताल परिसर में स्थापित अग्नि सुरक्षा उपकरणों, फायर अलार्म सिस्टम, हाइड्रेंट सहित अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और उनकी कार्यशीलता की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**नेपाल सहित छह राज्यों के 25 राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहलवानों ने दिखाया दमखम**

# देश-विदेश के पहलवानों के दमदार दांव-पेंच के साथ दो दिवसीय दंगल का हुआ समापन

### महिला पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन से लूटी महफिल

### हजारों खेल प्रेमियों ने उठाया रोमांचक मुकाबलों का आनंद

**हरिभूमि न्यूज भालुमाड़ा।** जिले के कोयलांचल क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिका पसान के जमुना कॉलरी स्थित मेन दुर्गा पंडाल में 17 एवं 18 जुलाई को आयोजित दो दिवसीय भव्य दंगल (कुश्ती) प्रतियोगिता का शनिवार को उत्साह, रोमांच और खेल भावना के बीच भव्य समापन हुआ। दो दिनों तक चले इस विशाल आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ पड़ोसी देश नेपाल से पहुंचे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के पहलवानों ने अपने शानदार दांव-पेंच, ताकत, तकनीक और अद्भुत फुर्ती का प्रदर्शन कर हजारों दर्शकों का दिल जीत लिया। हर मुकाबले में दर्शकों का उत्साह चरम पर रहा और पूरा आयोजन पारंपरिक भारतीय खेल संस्कृति का जीवंत उदाहरण बन गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली तथा नेपाल से आए 7 महिला एवं 18 पुरुष सहित कुल 25 पहलवानों ने हिस्सा लिया। सभी मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। कई मुकाबलों में अंतिम क्षण तक जीत-हार का फैसला नहीं हो पाया और जैसे ही निर्णायक दांव लगा, पूरा अखाड़ा तालियों और जयकारों से गूंज उठा। पहलवानों की तकनीक, शक्ति और अनुशासन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

#### महिला पहलवानों ने बढ़ाया प्रतियोगिता का गौरव

दंगल का सबसे बड़ा आकर्षण महिला पहलवानों का शानदार प्रदर्शन रहा। दूसरे दिन भी महिला खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की। उनके आत्मविश्वास, तकनीक और साहस ने यह संदेश दिया कि भारतीय कुश्ती में महिलाएं भी नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। महिला पहलवानों के हर मुकाबले पर दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाईं और उनका उत्साहवर्धन किया।

#### हजारों दर्शकों से गुलजार रहा अखाड़ा

दो दिनों तक दंगल देखने के लिए जमुना, कोतमा, पसान, बिजुरी, अनूपपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से हजारों खेल प्रेमी पहुंचे। महिलाओं, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतियोगिता का आनंद लिया। आयोजन स्थल पर सुबह से देर शाम तक मेले जैसा माहौल बना रहा। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के सबसे सफल और भव्य खेल आयोजनों में से एक बताया।

#### अतिथियों का हुआ सम्मान

प्रतियोगिता के दौरान पहुंचे अतिथियों का नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रामलाल रौतेल, एसईसीएल जमुना-कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी, फाइनेंस मैनेजर जे. दत्ता, नगर परिषद डूमरकछार के अध्यक्ष डॉ. सुनील चौरसिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मदन त्रिपाठी, जिला कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पार्वती राठौर, जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह, मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, कमलेश चतुर्वेदी, ब्रजेश चतुर्वेदी, धीरेंद्र सिंह, लाल बहादुर जायसवाल, शिवभान सिंह, शिव रतन वर्मा, सुखविंदर सिंह, सचिन जायसवाल, विकास जायसवाल, रोशन वारसी, सरताज मियां, मीनू तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

